जामिया मिलिया में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के विद्यार्थियों का प्रवेश

*1699. श्री राम चरण :
श्री रामजी राम :
श्री मोलहू प्रसाद :
श्री बे० अमात :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सरकार जामिया मिलिया इस्लामिया को अनुदान देती है;

(ख) क्या यह भी सच है कि अनुसूचित जातियों के लड़के और लड़कियों को वहां प्रवेश नहीं दिया जा रहा है;

(ग) क्या तीन लड़कियों ने बेसिक टीचर्स ट्रेनिंग के लिये आवेदन पत्र दिये थे परन्तु वे आवेदन पत्र लौटा दिये गये क्योंकि वे लड़कियां अनुसूचित जाति की थीं; और

(घ) यदि हां तो क्या सरकार का विचार जामिया मिलिया इस्लामिया को अनुदान देना बन्द करने का है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). जामिया ने दाखिलों के मामले में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के छात्रों को कोई रियायत अभी तक नहीं दी है । तदनुसार अनुसूचित जाति की तीन छात्राओं के आवेदन पत्र जिनकी न्यूनतम अपेक्षित योग्यताएं पूरी नहीं थीं लौटा दिये गये थे। जामिया ने अब 1967-68 के शैक्षिक सत्र से विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के प्रयोजन के लिये अनुसूचित/आदिम जातियों के विद्यार्थियों के लिये 20 प्रतिशत स्थानों के सुरक्षित करने का और यतादायी परीक्षा में उपलब्ध कुल अंकों में 5 प्रतिशत की रियायत देने का निर्णय किया है । विशेष मामले के रूप से ऐसे उम्मीदवारों के आवेदन पत्रों के आने की तारीख 16 अगस्त 1967 तक बढ़ा दी गई है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Foreign Missionaries in Mizo Hill Areas

***1701. Shri K. P. Singh Deo:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Mizo Hills have been cleared of foreign missionaries indulging in anti-Indian activities;

(b) whether any protests have been received from Government of foreign countries to which these missionaries belonged; and

(c) if so, the reaction of Government thereto?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) Some foreign missionaries who came to notice for prejudicial activities, have been made to leave the Mizo Hills District.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

Ban on Opening of New Branch Post Offices

***1702. Shri Jyotirmoy Basu:**
Shri C. K. Chakrapani:
Shri Satya Narain Singh:
Shri E. K. Nayanar:
Shri P. P. Esthose:

Will the Minister of **Communications** be pleased to state:

(a) whether there is any ban on the opening of new Branch Post Offices;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) the number of cases during 1966 sanctioned for opening of new Branch Post Offices as special cases;

(d) whether Government propose to lift this ban; and

(e) if so, when?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral): (a) and (b). Owing to the financial stringency certain restrictions were imposed in August, 1966 on the opening of Extra Departmental Branch offices; but these have been removed with effect from 7th August 1967.

(c) 99.

(d) and (e). Do not arise now.

Christian Institute for study of Religion of Society, Bangalore

***1703. Shri Kartik Oraon:**
Shri O. P. Tyagi:
Shri Kanwar Lal Gupta:

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether Government are aware that a book entitled "Tribal Awakening" has been published by the Christian Institute for the Study of Religion of Society, Bangalore, in which an attempt has been made to distort and destroy Tribal Religion by identifying Christianity as one of the tribal religions; and

(b) if so, the action Government propose to take for the protection and promotion of tribal religion?

The Minister of Home Affairs (Shri Y. B. Chavan): (a) and (b). Facts are being ascertained from the Government of Mysore.

विद्रोही मिजो लोगों के सैनिक मुख्यालय पर छापा

***1704. श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री शिव कुमार शास्त्री :
श्री महन्त दिग्विजय नाथ :
श्री आत्मा दास :
डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री रामावतार शर्मा :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सुरक्षा सेनाओं ने हाल ही में शिलांग में विद्रोही मिजो लोगों के सैनिक मुख्यालय पर छापा मारकर वहां से बहुत बड़ी मात्रा में हथियार तथा अन्य सामग्री बरामद की है;

(ख) क्या यह सच है कि कुछ गोपनीय दस्तावेज़ भी पकड़े गये हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि कुछ विद्रोही मिजो लोग भी गिरफ्तार किये गये हैं और पूछताछ की जाने पर उन्होंने कुछ गोपनीय बातें भी बताई हैं; और

(घ) यदि हां तो उसका पूरा ब्यौरा क्या है तथा इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हान) : (क) हमें शिलांग में विद्रोही मिजो लोगों के किसी सैनिक मुख्यालय के अस्तित्व के बारे में ज्ञान नहीं है ।

(ख) से (घ). 12 जून 1967 को 3 मिजो नवयुवक शिलांग में गिरफ्तार किये गये थे और कुछ कागजात बरामद हुए थे । 3 और 4 अगस्त को भी शिलांग में 14 मिजो गिरफ्तार किये गये । 3 अगस्त को 2 मिजो शस्त्र अधिनियम के अधीन नोंगपोह में गिरफ्तार किये गये । इन गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों के विरुद्ध मामलों की जांच की जा रही है । मिजो पहाड़ियों जिले में सुरक्षा सम्बन्धी गतिविधियों और अन्य क्षेत्रों में सतर्कता जारी है ।